

# ऑपरेशन सिंदूर

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

नई दिल्ली ( एजेंसी )। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या का बदला भारतीय सेना ने ले लिया है। सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों को भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया है। भारत की तीनों सेनाओं ने आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में इंडियन आर्मी ने आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भारत की तीनों सेनाओं ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान में स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक करते हुए कार्रवाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में करीब 90 आतंकियों को मारा गया है।






## आतंकवादियों पर हमला गर्व का पल : प्रधानमंत्री

# सिंदूर उजाड़ने वाले तबाह

## भारत की एयरस्ट्राइक में 9 आतंकी कैंप तबाह, 90 आतंकियों की मौत, मसूद अजहर के भाई व बहन भी हमले में ढेर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने इस कार्रवाई को 'सिंदूर ऑपरेशन' कहा है। वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया है।




बीबीसी न्यूज ने दावा किया है कि भारतीय फौज की इस एयर स्ट्राईक में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग मारे गए हैं। इसमें आतंकी मसूद अजहर का भाई, बहन और भतीजा भी शामिल बताया जा रहा है। भारत सरकार ने अपने बयान में कहा है, इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राईक के बारे में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस ब्रीफिंग में जानकारी दी। भारतीय सेना की प्रेस ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि मासूम पर्यटकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सशस्त्र बलों पर गर्व : अमित शाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान



और पीओके में आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक पर बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का जवाब बताया है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## देश के 9 हवाई अड्डे बंद

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में किए गए एयरस्ट्राइक के बाद देश भर में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। देश के 9 बड़े एयरपोर्ट ( हवाई अड्डे ) 10 मई तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। बॉर्डर के इलाकों में सुरक्षाबलों को पूरी तरह से मुस्तैद करने को कहा गया है। अर्द्धसैनिक बलों की छुटियों को रदद कर दिया है। इंडिगो एयरलाइंस ने श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ, धर्मशाला, बीकानेर और जोधपुर की फ्लाईटें कैंसिल कर दी हैं। वहीं सुरक्षा के लिहाज से अमृतसर एयरपोर्ट को खाली करा लिया गया है।

## भारत की सड़कों पर जश्न



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में राष्ट्रभक्ति का माहौल है। अजमेर की सड़कों पर भी लोगों में जश्न नजर आया। आम नागरिकों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए. लोगों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटीं और भारत माता की जय के नारे लगाए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 'मेरे पति की मौत का बदला लिया गया'

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान में आतंकी तंत्र को हिला कर रख दिया है। भारत द्वारा किए गए



सटीक एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के अस्पतालों में इमरजेंसी जैसे हालात बन गए हैं। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी की पत्नी ने एक भावुक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत धन्यवाद करती हूं। उन्होंने मेरे पति की मौत का बदला लिया। जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया गया है, उसने हमारा भरोसा और भी मजबूत कर दिया है। यह मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि है।'

## उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट सुरक्षा बढ़ाई गई

**लखनऊ ( एजेंसी )।** सेना की कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश



में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि राज्य में सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यूपी पुलिस पूरी तरह सतर्क और संसाधनों से लैस है। हर नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी है।

बकौल यूपी डीजीपी- 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमला किया गया है। पुलिस की सभी फील्ड संरचनाओं को रक्षा इकाइयों के साथ समन्वय करने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है। उतर प्रदेश पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क, सुसज्जित और पूरी तरह तैयार है।

## सीईओ ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने शहर की साफ सफाई व्यवस्था को चाकचौबंद बनाने का बीड़ा उठा लिया है। इसीलिए वह रोजाना मातहत अफसरों के साथ शहर का दौरा करके विभिन्न व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं।

आज सीईओ डॉ. लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ सेक्टर-44 सहित कई सेक्टरों का दौरा किया तथा वहां की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उप मुख्यमंत्री आज शाम सेक्टर-12 में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत आज सेक्टर-12 स्थित सरस्वती



शिशु विद्या मंदिर में दोपहर 3.30 बजे अल्पसंख्यक प्रबुद्ध वर्ग का सम्मलेन आयोजित किया जा रहा हैं जिसमे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहेंगे।

उक्त कार्यक्रम मे अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्ध जन जिसमे व्यापारी, कलाकार, गायक, वकील, डॉक्टर, मौलाना, मुतव्वल इस कार्यक्रम मे सहभागिता करेंगे। भारतीय जनता पार्टी लगातार मुस्लिम समाज के बीच मे जाकर इस बिल मे हुए संशोधन व इससे मुसलमान समाज को मिलने वाले लाभ को बता रही हैं जिस पर मुस्लिम समुदाय का इस पर (शेष पृष्ठ-3 पर)




## सीएम करेंगे प्राधिकरण के नए भवन का उद्घाटन!



**नोएडा ( चेतना मंच )।** यदि इसी गति से निर्माण कार्य चलता रहा तो अगले माह तक नोएडा प्राधिकरण के नए भवन का लोकार्पण कर दिया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे।

नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ सेक्टर-96 निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीईओ संजय खत्री, ओएसडी एमपी, जनस्वास्थ्य विभाग और सिविल विभाग के डीजीएम आदि मौजूद रहे। सीईओ ने कहा कि इमारत का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए। ताकि सीएम योगी आदित्यनाथ से इनका लोकार्पण कराया जा सके। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सेक्टर 12 में घर का ताला तोड़कर चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अज्ञात चोरों ने आज सेक्टर-12 के एच ब्लॉक में स्थित एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान, नगदी तथा जेवरात आदि चोरी कर लिया

सेक्टर 12 के मकान संख्या एच- 95 में भूतल पर रहने वाले पवन चौरसिया का परिवार रहता है। वह किसी कार्य से अपने परिवार के साथ जनपद प्रतापगढ़ स्थित अपने गांव गए हुए थे। चोरों ने आज रात उनके मकान का ताला तोड़कर चोरी कर ली। सेक्टर-12 में चोरों के आतंक से लोग दहशत में है लोगों की मांग है कि यहां पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। पुलिस की गश्त न होने से आए दिन यहां पर चोरी होती रहती है। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



( 1958-7 मई 2000 )

स्व. श्री अतर सिंह शर्मा (नेता जी)

आज 25वीं पुण्यतिथि पर हम सभी आपको श्रद्धापूर्वक विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और प्रण करते हैं कि हम आपके द्वारा बताये गये मार्ग पर हमेशा अग्रसर रहेंगे।

पुत्र : कपिल शर्मा, राहुल शर्मा (भाजपा नेता), अमित शर्मा

शर्मा सीमेंट ट्रेडर्स

## प्रहार का तरीका

प्रधानमंत्री मोदी और वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की मुलाकात हुई। इससे एक दिन पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रधानमंत्री से मिले थे। सेना प्रमुखों की प्रधानमंत्री के साथ ये मुलाकातें सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री इन मुलाकातों से पहले 29 अप्रैल को रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों की एक बैठक कर चुके थे। उसी में सेनाओं को प्रहार का तरीका, लक्ष्य, जगह और समय तय करने की 'खुली छूट' दी गई थी। फिर अलग से ये मुलाकातें क्यों की गईं? बेशक सेनाओं को खुली छूट है, लेकिन वे अलग-अलग प्रधानमंत्री को तो ब्रीफ करेंगी कि यदि युद्ध की नौबत आई, तो उनकी क्या तैयारियां हैं? वायुसेना प्रमुख ने हवाई आक्रमण का खुलासा किया होगा! हाल ही में उप्र के शाहजहांपुर में 'गगा एक्सप्रेस वे' पर बनाई गई विशेष हवाई पट्टी पर राफेल, सुखोई, मिग-29, एएन-32, जगुआर, मिराज सरीखे लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो का प्रदर्शन किया और रात्रि में लैंडिंग कर अपने युद्धाभ्यास को सार्थक किया। अर्थात् हमारे लड़ाकू विमान किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। नौसेना अध्यक्ष ने अरब सागर की हलचलों से प्रधानमंत्री मोदी को ब्रीफ किया होगा! नौसेना ने विशालकाय आईएनएस- विक्रांत को समंदर में तैनात कर दिया है। वह लड़ाकू विमानों और परमाणु अस्त्रों से युक्त है। भारत ने परमाणु मिसाइल वाली पनडुब्बी को भी समंदर में 'सक्रिय' कर दिया है। नौसेना सुरक्षा और निगरानी को अधिक बढ़ाने के मद्देनजर भारत ने अमरीका की 'हॉक आई' खरीदने का 13.1 करोड़ रुपए का करार किया है। रूस से 'इग्ला-एस' मिसाइलें खरीदने का करीब 260 करोड़ रुपए का करार किया गया है। ऐसी कई तैयारियां होंगी, जो हमारी सेनाएं कर रही हैं, लेकिन न तो हमें पर्याप्त जानकारी है और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर हम उन्हें सार्वजनिक करेंगे। प्रधानमंत्री के साथ सेना-प्रमुखों की ऐसी मुलाकातों और बैठकों में विशिष्ट लक्ष्यों, उद्देश्यों, आपातकालीन जरूरतों, सेना-विशेष की चुनौतियों और उचित समय आदि पर खुल कर बातचीत होती है। सेना-प्रमुख प्रधानमंत्री को अपनी सेना की तैयारियों और संभावित विकल्प पर तुरंत प्रहार करने की क्षमताओं को भी ब्रीफ करते हैं। इनके ये मायने नहीं हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ने ही वाला है। भारत के प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री ने युद्ध संबंधी न तो कोई बयान दिया है और परमाणु हथियारों की धमकी तो बहुत दूर की बात है। पाकिस्तान के मंत्री और राजदूत परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के लगातार बयान देते रहे हैं। भारत में सेना-प्रमुख कोई भी बयान नहीं देते। यह विशेषाधिकार प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री का है। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार देश को आश्वस्त किया है कि आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वालों पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई जरूर की जाएगी। यानी भारत के राजनीतिक नेतृत्व और सेनाओं के निशाने पर पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकी, उनके गुट और उनके पनाहगार हैं। देश के अनुभवी रक्षा विशेषज्ञों, जिन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल और मेजर जनरल के पद पर रहते हुए पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाइयां और टकराव लड़े और झेले हैं, का मानना है कि इस बार आतंकियों के साथ-साथ पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा फौज को निशाना बनाया जा सकता है। वे भी नहीं जानते कि यदि भारत ने प्रहार किया, तो वह किस दर्जे का होगा, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि पाकिस्तान की फौज और आईएसआई पर किसी किस्म का हमला किया जाता है, तो पाकिस्तान उसका पलटवार करेगा और वही युद्ध में तबदील हो सकता है। यह बाद की बात है कि पाकिस्तान युद्ध में कितने दिन तक टिक पाएगा, उसके पास गोला-बारूद तक पर्याप्त नहीं है, लेकिन इस तरह युद्ध छिड़ सकता है। चीन पाकिस्तान को मदद दे सकता है। तुर्किये ने भी कुछ हथियार और रक्षा सामग्री पाकिस्तान को भेजी है, ऐसी खबरें आई हैं। पाकिस्तान एक विपन्न और विक्षुब्ध देश है, लिहाजा मनोवैज्ञानिक मान रहे हैं कि वह बिन सोचे-समझे परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल कर सकता है। बेशक दोनों देशों ने परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल किया, तो विनाश व्यापक और भयावह हो सकता है। वह स्थिति टालनी चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उसने बहुत सी बावलियाँ, कुएँ, तालाब, फुलवाड़ियाँ सुंदर बगीचे, ब्राह्मणों के लिए घर और देवताओं के सुंदर विचित्र मंदिर सब तीर्थों में बनवाए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- जहँ लगि कहे पुरान श्रुति एक एक सब जाग।**
**बार सहस्त्र सहस्त्र नृप किए सहित अनुराग॥**

वेद और पुराणों में जितने प्रकार के यज्ञ कहे गए हैं, राजा ने एक-एक करके उन सब यज्ञों को प्रेम सहित हजार-हजार बार किया॥

**हृदयँ न कछु फल अनुसंधाना। भूप बिबेकी परम सुजाना॥**
**करइ जे धरम करम मन बानी। बासुदेव अर्पित नृप ग्यानी॥**

(राजा के) हृदय में किसी फल की टोह (कामना) न थी। राजा बड़ा ही बुद्धिमान और ज्ञानी था। वह ज्ञानी राजा कर्म, मन और वाणी से जो कुछ भी धर्म करता था, सब भगवान वासुदेव को अर्पित करते रहता था॥

**चढ़ि बर बाजि बार एक राजा। मृगया कर सब साजि समाजा॥**
**बिंध्याचल गभीर बन गयऊ। मृग पुनीत बहु मारत भयऊ॥**

एक बार वह राजा एक अच्छे घोड़े पर सवार होकर, शिकार का सब सामान सजाकर विंध्याचल के घने जंगल में गया और वहाँ उसने बहुत से उत्तम-उत्तम हिरन मारे॥ (क्रमशः...)

# युद्ध हुआ तो पश्चिमी और चीनी हथियारों की क्षमताओं की भी परख हो जायेगी

भारत और पाकिस्तान के बीच मंडराते युद्ध के खतरे को लेकर कई पूर्व सैन्य अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। दरअसल 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायुसेना की एअर स्ट्राइक के बाद से दोनों देशों ने अपनी सैन्य क्षमता में काफी वृद्धि की है। इसलिए विशेषज्ञों को लग रहा है कि कोई सीमित संघर्ष भी व्यापक युद्ध में तब्दील हो सकता है। हम आपको याद दिला दें कि दोनों देश 1948, 1965 और 1971 में युद्ध लड़ चुके हैं। इसके अलावा कश्मीर को लेकर दोनों के बीच कई बार सैन्य और असैन्य टकराव भी हो चुके हैं। 1990 के दशक में दोनों देश परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र बन गए थे और तभी से दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि इस बार हमला संभवत: विमानों, मिसाइलों या ड्रोन के ज़रिये होगा, जिनमें भारत और पाकिस्तान की क्षमताएं काफी हद तक बराबर हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि संघर्ष लंबा चलता है तो यह भारत के हित में होगा क्योंकि संसाधन अधिक होने के कारण वह लंबी अवधि तक इनका उपयोग कर पायेगा। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि हर पक्ष सोच रहा है कि वे पिछली बार की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं लेकिन असल जंग में ही असली स्थिति पता चल सकेगी।

हम आपको बता दें कि भारत को 2019 में पुराने रूसी विमानों पर निर्भर रहना पड़ा था। मगर अब देश ने फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट्स वायुसेना के बेड़े में शामिल किए हैं तथा नौसेना के लिए और भी विमानों का ऑर्डर दिया गया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 2022 से चीन के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक, J-10 प्राप्त किया है, जो राफेल का तुलनात्मक समकक्ष माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के



**पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है।**

पास कम से कम 20 J-10 विमान हैं। बताया जाता है कि ये विमान उन्नत क्षमताओं से लैस हैं। हम आपको बता दें कि राफेल में %मेटेओर% एयर-टू-एयर मिसाइल लगी होती है, जो दृश्य सीमा से बाहर भी मार कर सकती है। इसी प्रकार J-10 में इसी तरह की PL-15 मिसाइल लगी होने की बात मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई है। हम आपको यह भी बता दें कि 2019 की लड़ाई में सामने आई हवाई सुरक्षा की खामियों को दूर करने के लिए भारत ने रूस की S-400 मोबाइल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल प्रणाली प्राप्त की है जबकि पाकिस्तान ने चीन से HQ-9 प्रणाली हासिल की है जोकि रूस की स्-300 प्रणाली पर आधारित है।

विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले किसी भी संघर्ष पर चीन का प्रभाव बना रहेगा, जो भारत का प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान का करीबी सहयोगी और उसका सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है। इसके अलावा, भले अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है, लेकिन वह दोनों देशों के बीच किसी भी संघर्ष को चीन की सैन्य क्षमता की जांच के रूप में देखना चाह रहा है। अमेरिका ऐसा इसलिए चाहता है क्योंकि चीनी विमान और उसकी PL-15 मिसाइल को अब तक युद्ध में नहीं परखा गया है। इसलिए भले युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा जायेगा मगर असल में यह पश्चिमी और चीनी तकनीक के बीच मुकाबला हो सकता है। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत के लिए एक चुनौती यह भी रहेगी कि वह कितने स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा पर तैनात करे और कितने चीन सीमा पर, क्योंकि उसे ड्रैगन से भी खतरा है। हम आपको याद दिला दें कि भारत और चीन ने 1962 में युद्ध लड़ा था और 2022 में दोनों देशों की सेनाएं पूर्वी लद्दाख सीमा पर भिड़ी थीं।

विश्लेषकों का यह भी अनुमान है कि ड्रोन या ज़मीन से लॉन्च की गई मिसाइल से हमला होने की संभावना ज्यादा है क्योंकि इनमें पायलट के पकड़े जाने का खतरा नहीं होता। जहां तक दोनों देशों की मिसाइल और सैन्य ड्रोन क्षमता में ताजा वृद्धि की बात है तो आपको बता दें कि भारत ने इजराइल से लड़ाकू ड्रोन हेरोन मार्क 2 प्राप्त किया है और अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन खरीदने का ऑर्डर दिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने तुर्की से बायरेक्टर TB2 और अकिंजी ड्रोन हासिल किए हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान ने शनिवार को 450 किमी की दूरी तक मारक क्षमता और सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। पाकिस्तान ने आज 'एक्स इंद्र' अभ्यास के तहत 120 किलोमीटर रेंज की सतह से सतह पर मार करने वाली %फतह% सीरीज़ की मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण करने का भी दावा किया है। वहीं भारत की क्षमताओं में 300 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल और लंबी दूरी की अग्नि श्रृंखला की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हैं।

बहरहाल, हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 की झड़प के बाद कहा था कि देश को उस समय राफेल की कमी खली थी। उन्होंने संकेत दिया था कि अगर फ्रांसीसी फाइटर होते तो नतीजा और अलग हो सकता था। इसलिए माना जा सकता है कि इस बार कमाल दिखाने का अवसर राफेल को दिया जा सकता है। कांग्रेस के नेता बार-बार राफेल पर सवाल उठाते हुए पूछ रहे हैं कि उस पर से नींबू मिर्ची कब हटेगी? माना जा रहा है कि राफेल की युद्धक क्षमता दिखा कर पाकिस्तान के साथ-साथ कांग्रेस को भी जवाब देने की तैयारी है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में राफेल खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर मोदी सरकार को घेरना चाहा था लेकिन उसमें उसे सफलता नहीं मिली थी। बहरहाल, आइये देखते हैं दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के परिणामों के बारे में जम्मू कश्मीर पुलिस के पूर्व डीजीपी एसपी वैध क्या अनुमान लगा रहे हैं।

**- नीरज कुमार दुबे**
**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# अव्वल आने की होड में छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक

टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी ख ?गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।



कोचिंग संस्थानों की बढती बाढ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर में अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है, तभी भारत सशक्त होगा, विकसित होगा।

पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। प ?ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं तथाकथित समाज एवं राष्ट्र विकास एवं शिक्षा की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोंचिंग संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं हमारी चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में ही 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहे हैं तो यह एक काफी गंभीर मामला है। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढ़ना हमारे नीति-निर्माताओं के लिये चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लम्बे-चौड़े दावे करने वाली भारत सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा? क्या विकास में बाधक इस समस्या को दूर करने के लिये सक्रिय प्रयास शुरु किए?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निर्माताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिर्वतन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके। इसके लिए स्थाई तौर पर कुछ मनोवैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं।

छात्रों के सिर पर परीक्षा का तनाव एवं अव्वल आने की दौड़ प्रतिस्पर्धा के दौर में और भी बढ़ गयी है। आज रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हैं। ग्रेजुएशन कर चुकने वाला छात्र केवल किसी दफ्तर में ही अपने लिये सम्भावनायें तलाशता है। लेकिन नौकरी नहीं मिलती। बेरोजगारी अवसाद की ओर ले जाती है और अवसाद आत्महत्या में त्राण पाता है। लेकिन कोचिंग संस्थानों एवं शिक्षा के उच्च संस्थान में अवसाद पसरा है और उसके कारण छात्र यदि आत्महत्या करते हैं, तो यह इस उच्च शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों के भाल पर बदनुमा दाग है।

**- ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने जारी किए तिथिवार शेड्यूल

## ● सफाई के दौरान कम प्रेशर में होगी सप्लाई ● पानी न मिलने पर टैंकर का भी इंतजाम रहेगा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पानी की स्वच्छता के मद्देनजर भूमिगत जलाशयों की सफाई कराने का निर्णय लिया है। जलाशयों की सफाई की शुरुआत 9 मई से संकल्प सोसाइटी से होगी। प्राधिकरण ने सभी जलाशयों की सफाई के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिया है। प्राधिकरण स्वच्छ जलापूर्ति के लिए तय समयावधि में जलाशयों की सफाई कराता रहता है।

दरअसल, बिल्डर सोसाइटियों में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायत आए दिन सामने आ रही है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग को सभी भूमिगत जलाशयों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। जल विभाग ने जलाशयों की सफाई के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिये हैं। शेड्यूल को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। तय शेड्यूल के हिसाब से जलाशयों की सफाई कराई जाएगी। इस दौरान संबंधित एरिया में पानी का प्रेशर कम रहेगा। अगर कहीं पानी नहीं पहुंचता है तो टैंकर भी मंगवा सकते हैं। इसके लिए जल विभाग की तरफ से संपर्क नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने सभी बिल्डरों/अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन को पत्र लिखकर सोसाइटी परिसर में बने जलाशयों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेटर नोएडावासियों से अपील की है कि जलाशयों की सफाई के दौरान पानी का प्रेशर कम रह सकता है। पानी को ड्रम आदि में पहले से ही स्टोर कर लें। पानी की खपत कम करें। जलाशयों की सफाई के दौरान प्राधिकरण का सहयोग करें।

### भूमिगत जलाशयों की सफाई के लिए शेड्यूल

तिथि------प्रभावित एरिया
09 से 12 मई-संकल्प सोसाइटी
14 से 16 मई-ओमीक्रॉन वन
19 से 21 मई-ओमीक्रॉन वन ए, ईडब्ल्यूएस सोसाइटी
22 से 25 मई-ओमीक्रॉन वन ए, जीएच-03 सोसाइटी
27 से 29 मई- ओमीक्रॉन वन ए
31 मई से 2 जून-लोटस वैली सोसाइटी
04 से 06 जून-सेक्टर ज्यू फर्स्ट, ईब्ल्यूएस सोसायटी
09 से 11 जून-बीएचएस-16 सोसाइटी
13 से 15 जून-सेक्टर म्यू-1 ईब्ल्यूएस सोसायटी
17 से 19 जून-सेक्टर-36 और 37
22 से 24 जून-गामा वन, टू, बीटा वन, टू
26 से 28 जून-अल्फा वन व टू
30 जून से 2 जुलाई-डेल्टा वन, टू व थ्री
04 से 06 जुलाई-ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स
08 से 10 जुलाई-सेक्टर-10 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी
13 से 15 जुलाई-चाई-फोर ईडब्ल्यूएस सोसाइटी
17 से 19 जुलाई-एससी/एसटी हॉस्टल
21 से 23 जुलाई- सेक्टर-3 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी
25 से 27 जुलाई-बालक इंटर कॉलेज

**पानी की दिक्कत हो तो इन नंबरों पर करें कॉल**

पानी की दिक्कत होने पर ग्रेटर नोएडा के निवासी इन नंबरों ( 7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804 ) पर कॉल कर सकते हैं।



### एसडीएस एनआरआई सिटी में जल कनेक्शन बुधवार से

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एसडीएस एनआरआई रेजीडेंसी और एनआरआई सिटी को जलापूर्ति करने की तैयारी शुरू दी है। हाल ही में बिल्डर ने प्राधिकरण में जल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह की तरफ से वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में जल विभाग की टीम को एसडीएस एनआरआई रेजीडेंसी और एनआरआई सिटी भेजकर कनेक्शन दिए जाने की औपचारिकता पूरी कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को टीम मौके पर पहुंची और एओए से मिलकर जल कनेक्शन के कार्य जल्द कराए जाने की बात कही। इससे एसडीएस एनआरआई सिटी में रहने वालों को ब ?ी राहत मिल जाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम ने बताया कि टाउनशिप में जल कनेक्शन के कार्य को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दे दिए गए हैं। मौके पर जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

# सेक्टर में गंदगी मिलने पर ठेकेदार पर 50 हजार की पेनल्टी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सेक्टर डेल्टा-2 में साफ-सफाई ठीक न मिलने पर ठेकेदार साईं नाथ सेल्स एंड सर्विसेज पर 50 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। मंगलवार को महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने सेक्टर डेल्टा- 2 का भ्रमण किया। इस दौरान सेक्टर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे पाए गए। इससे प्रतीत हो रहा था कि सेक्टर में नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जा रही है। कूड़े के ढेर को भी नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा, जिसके चलते प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने साईनाथ सेल्स एंड सर्विसेज कंपनी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम की कटौती ठेकेदार को होने वाले अगले बिल के भुगतान से कर ली जाएगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक (स्वास्थ्य) चरण सिंह की तरफ से ठेकेदार को इस बाबत पत्र जारी कर दिया गया है। महाप्रबंधक ने सेक्टर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नियमित रूप से कूड़ा उठाने की निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के साफ-सफाई में लापरवाही बरतने वाले कांट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने ग्रेटर नोएडा वीडियो से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।



## गाजियाबाद के स्कूलों में मॉक ड्रिल डीएम भी पहुंचे



गाजियाबाद ।एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज में काल्पनिक हवाई हमले की मॉक ड्रिल आयोजित की गई।गाजियाबाद के 10 अन्य स्कूलों में भी मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंचकर मॉक ड्रिल का जायजा लिया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्रों ने किया मॉक ड्रिल





**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएवी पब्लिक स्कूल नोएडा में आज हवाई हमले से बचने की ड्रिल का आयोजन किया गया।

युद्ध के मँडराते बादलों से सफलतापूर्वक निपटने और राष्ट्र को सुरक्षित रखने की दिशा मे एक कदम बढ़ाते हुए आज सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल ने हवाई हमले से बचने की ड्रिल करवाई गई ताकि छात्र व अध्यापक सभी को जागरूक हों और हर परिस्थिति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें।

एयर रैड सायरन की आवाज़ पहचान कर बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर कैसे पहुँचे, घरों नें पर्दे बंद कर अँधेरा रखने, सुरक्षित स्थान पर छिपने का अभ्यास करवाया गया।

सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश व उपाय बताए गए ताकि विषम परिस्थितियों में धैर्य व सूझबूझ से सुरक्षित रह सकें।

# सेक्टर-51 में 130 एलईडी व 51 डेकोरेटिव लाइटें लगी, एनपी सिंह ने किया उद्घाटन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-51 नोएडा में डेकोरेटिव लाइट व अन्य 180 लाइटों को उद्घाटन डीडी आरडब्लूए अध्यक्ष एनपी सिंह के कर-कमलों से करवाया गया।

सेक्टर 51 नोएडा में अंधेरी की समस्या के समाधान हेतु नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से 181 नई लाइट और खंबे लगाए गए हैं। जिसमें 51 डेकोरेटिव लाइट्स 18 मी रोड पर व 130 एलईडी लाइट सेक्टर 51 की गलियों में नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से लगाई गई।

उद्घाटन के दौरान आरडब्लूए सेक्टर 51 नोएडा मैनेजिंग कमेटी के सभी मेंबर्स व सेक्टर 51 के निवासी,संजय गोयल और तुषार गोयल ठेकेदार मौजूद रहे।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**सिंदूर उजाड़ने वाले....**

ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया. पाकिस्तान में पिछले तीन दशकों से टेटर इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा था, जो पाकिस्तान और PoK दोनों में फैले हैं। कर्नल सोफिया ने कहा कि 9 आतंकी कैंपों को निशाना बनाया गया और ध्वस्त किया गया। 6-7 मई की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच भारतीय सेना ने 25 मिनट में 9 आतंकी कैंप तबाह कर दिए। पिछले तीन दशकों से पाकिस्तान ने व्यवस्थित तरीके से आतंकी ढांचे का निर्माण किया, जो आतंकी कैंपों और लॉन्चपैड्स के लिए पनाहगाह रहा है। उत्तर में सवाई नाला और दक्षिण में बहावलपुर में स्थित मशहूर प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया गया।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ब्रीफिंग देते हुए कहा कि पुख्ता इंटेलिजेंस इनपुट के बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया था। पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद मे लश्कर के ट्रेनिंग सेंटर पर हमला किया गया. आतंकियों ने यहीं से प्रशिक्षण लिया था आतंकियों की रीढ़ तोड़ने की कार्रवाई की गई. बरनाला कैंप भी ध्वस्त किया गया. सियालकोट में महमूना कैंप को भी नष्ट किया गया।

**भारत की सड़कों पर ....**

लोगों का कहना था कि भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। अजमेर के कई इलाकों में उत्सव जैसा नज़ारा रहा. स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को सलाम किया। लोगों ने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह 'नया भारत' है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है।

दरगाह दीवान उत्तराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए कहा कि जैसा भारतीय सेना से उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही कर दिखाया। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने जो किया, वह देश के हर नागरिक के दिल की आवाज थी। पहलगाम में जिन बहनों का सिंदूर उजड़ा, उनके बदले का नाम ही 'ऑपरेशन सिंदूर' है।'

**सेना ने कैसे तय किए टारगेट**

पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर के मुखौटा कहे जाने वाली आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली थी. इसके अलावा भारत में हुए आतंकी हमलों में हिज्बुल मुजाहिद्दीन के अलावा लश्कर और जैश जैसे संगठनों का हाथ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए एयरस्ट्राइक के दौरान बहावलपुर स्थित जैश के हेडक्वार्टर मरकज सुभान अल्लाह, लश्कर का कैंप मुरीदके, मेहमूना स्थित हिज्बुल का ट्रेनिंग कैंप, बरनाला में आतंकी अड्डे, कोटली, सरजान कैंप, बिलाल कैंप, गुलपुर और लश्कर का कैंप सवाई जैसे आतंकी अड्डों को निशाना बनाया गया है. इस कार्रवाई में लश्कर के 7 और जैश के दो ठिकानों को तबाह किया गया है। हालांकि किसी भी भारतीय विमान ने बॉर्डर क्रॉस नहीं किया है, बल्कि मिसाइलें और जेट्स के जरिए गोला-बारूद दागे हैं।

भारतीय सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को टारगेट किया उनमें बहावलपुर, मुरीदके, चक अमरू, सियालकोट, भीमबेर, गुलपुर, कोटली, बाघ और मुजफ्फराबाद के इलाके शामिल हैं।

**बहावलपुर :** बहावलपुर पाकिस्तान के दक्षिणी पंजाब का इलाका है। भारतीय हमले में बहावलपुर मुख्य निशाना था। दरअसल बहावलपुर में ही आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद का मुख्यालय है। भारत में कई आतंकी हमलों में जैश ए मोहम्मद की संलिप्तता रही है। साल 2001 में हुए संसद हमले और 2019 में हुए पुलवामा हमले में भी जैश का हाथ था। भारत ने बहावलपुर में जैश के ठिकाने मरकज शुभान अल्लाह को निशाना बनाया। मरकज में ही जैश के मुखिया मौलाना मसूद अजहर, मुफ्ती अब्दुल रउफ असगर, मौलाना अम्मार का घर भी है।

**मुरीदके:** लाहौर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित मुरीदके आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा और इसकी शाखा जमात उद दावा का केंद्र माना जाता है। मुरीदके में लश्कर ए तैयबा का ट्रेनिंग सेंटर है और यह करीब 200 एकड़ इलाके में फैला है। भारत में साल 2008 में हुए मुंबई हमले में भी लश्कर का हाथ था। 26/11 के हमलावरों की ट्रेनिंग भी मुरीदके में ही हुई थी। मुरीदके में मरकज तैयबा लश्कर का सबसे अहम केंद्र है।

**कोटली:** कोटली पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का इलाका है। भारत का दावा है कि यह आत्मघाती हमलावरों और उग्रवादियों का प्रशिक्षण केंद्र है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कोटली में एक बार में 50 से ज्यादा आतंकियों को प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

**गुलपुर:** जम्मू कश्मीर में आतंकियों का लॉन्चपैड गुलपुर को ही माना जाता है। खासकर राजौरी और पुंछ इलाकों में होने वाली आतंकी घुसपैठ गुलपुर से ही होती है। भारतीय सुरक्षा बलों के काफिले पर हमलों को अंजाम देने के लिए अक्सर इस ठिकाने का इस्तेमाल किया जाता है।

**सियालकोट का महमूना कैंप :** सियालकोट में महमूना कैंप को भी निशाना बनाया गया है। महमूना कैंप हिजबुल मुजाहिदीन का ठिकाना था। हिजबुल मुजाहिदीन हाल के वर्षों में कमजोर हुआ है, लेकिन अभी भी इसकी स्थानीय नेटवर्क पर पकड़ है।

**सवाई:** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में तंगधार सेक्टर में सवाई इलाके में लश्कर ए तैयबा का कैंप है। साल 2024 में गांदरबल, गुलमर्ग और अब पहलगाम के आतंकी हमले की योजना भी सवाई में ही बनाई गई थी।

**सरजाल और बरनाला:** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौजूद ये इलाके भी कश्मीर में आतंकी घुसपैठ के लॉन्चपैड माने जाते हैं।

**सीएम करेंगे....**

सीईओ महाप्रबंधक जन स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि प्रशासनिक भवन में बनाए गए टायलेट में से सभी को चिन्हित किया जाए कि कौन सा सार्वजनिक उपयोग के है और कौन से टॉयलेट प्राधिकरण अधिकारी व कर्मचारियों के लिए है। सभी टायलैट की प्लंबिंग व्यक्ति रुप से चेक की जाए। ताकि टायलेट में कही लीकेज न हो। उद्यान विभाग के निर्देश दिया कि उद्यानीकरण का कार्य पूरा कराया जाए।

विद्युत विभाग से कहा गया कि तत्काल विद्युतीकरण का कार्य करते हुए सिविल को कार्य ट्रांसफर किया जाए। इसके अलावा भवन में अलग-अलग मोडिफिकेशन के सुझाव दिए गए। इसका निर्माण जल्द पूरा किया जाए ताकि सीएम योगी आदित्यनाथ से इसका लोकार्पण कराया जा सके।

इस मौके पर एसीईओ संजय खत्री, सतीश पाल ओएसडी एस पी सिंह, सिविल के उप महाप्रबंधक विजय रावल समेत कईअधिकारी मौके पर मौजूद थे।

**उप मुख्यमंत्री ....**

भरपूर सराहना मिल रही हैं। इसी क्रम मे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भी नोएडा मे आयोजित हो रहे इस सम्मलेन मे सहभागिता कर समाज के लोगो से वार्ता करेंगे और इस बिल से होने वाले लाभ को साझा करेंगे।

**सीईओ ने लिया....**

इस दौरान उन्होंने खामियां पाई जाने पर अपने अफसर को तत्काल प्रभाव से सभी कार्य करने के निर्देश दिए इस मौके पर उनके साथ जन स्वास्थ्य विभाग की ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, महाप्रबंधक एसपी सिंह, खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

**खास खबर**

## मुंबई इंडियंस का पूर्व क्रिकेट गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** मुंबई इंडियंस टीम का एक पूर्व क्रिकेटर रेप मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस क्रिकेटर का नाम शिवालिक शर्मा है। उसकी एक दोस्त ने ही उसपर रेप का ये आरोप लगाया है। दोनों ने प्यार के बाद सगाई भी की थी पर लेकिन इसके बाद शिवालिक शर्मा पर धोखा देने का आरोप है। शिवालिक ने बड़ौदा की टीम में हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या के साथ भी खेला है। उसने बड़ौदा के लिए घरेलू क्रिकेट में 50 से ज्यादा मुकाबले खेले हैं। पुलिस के अनुसार एक युवती की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने शिवालिक को गुजरात में वडोदरा के अटलादरा थाना क्षेत्र से शनिवार को गिरफ्तार किया और जोधपुर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिवालिक वडोदरा के रहने वाले हैं और मुंबई इंडियंस की टीम में आईपीएल 2024 के दौरान शामिल थे। हालांकि, उनको एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिल पाया था। इस क्रिकेटर को तब 20 लाख रुपये में आईपीएल नीलामी में मुम्बई ने खरीदा था।

## वेस्टइंडीज ने ज्वेल एंड्रयू को किया शामिल

**जमैका ।** वेस्टइंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। वेस्टइंडीज बोर्ड ने इस सीरीज के लिए टीम में कुछ बदलाव किये हैं। शिमरोन हेटमायर को इसमें शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह आईपीएल खेल रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह पर ज्वेल एंड्रयू को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। इस टीम की कप्तानी शाई होप को मिली है जबकि ब्रैंडन किंग और एविन लुईस के पारी शुरू करने की संभावना है। शमर जोसेफ और मैथ्यू फोर्ड के अलावा आमिर जंगू को भी टीम में शामिल किया गया है। इन खिलाड़ियों को अंतिम ग्यारह में भी अवसर मिल सकता है। वेस्टइंडीज का मुकाबला 21 मई से आयरलैंड से होगा। तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज का पहला मुकाबला डबलिन में खेला जाएगा। आयरलैंड के बाद वेस्टइंडीज को 29 मई से एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलनी है। उस सीरीज के बाद तीन टी20 मैच भी होंगे। ताजा एकदिवीसय रैंकिंग में वेस्टइंडीज की टीम अभी नौवें स्थान पर है।

## गावस्कर के बयान से भड़के पूर्व पाक क्रिकेटर

**लाहौर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने हाल में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद एशिया कप से अब पाकिस्तान की छुट्टी होना तय है। इसी को लेकर पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटरों ने नाराजगी जतायी है। कुछ ने गावस्कर के इस बयान को मूर्खता कहा है। हैं तो कुछ ने कहा है कि खेल और राजनीति को नहीं मिलाया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा था कि दोनो देशों के बीच तनाव के कारण पाक को शायद ही शामिल किया जाये। गावस्कर अपने बयान में कहा कि बीसीसीआई आम तौर पर सरकार के रुख के हिसाब से चलती है। उन्होंने इशारों-इशारों में यह कहा कि मौजूदा तनाव की वजह से हो सकता है कि एशिया कप से पाकिस्तान को बाहर कर दिया जाये। एशिया कप की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रुप से करेंगे।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

- अंकतालिका में भारत टॉप पर, नेट रनरेट बनी ताकत

**महिला वनडे त्रिकोणीय शृंखला**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोलंबो में चल रही महिला त्रिकोणीय सीरीज में भारतीय टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। भारत की नजर जहां फाइनल में जगह पक्की करने पर होगी, वहीं टीम पिछली हार का बदला लेने के इरादे से भी मैदान में उतरेगी। रविवार को श्रीलंका के खिलाफ मिली हार से भारत की लगातार आठ जीत की लय टूट गई थी। भारत ने अब तक तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल किए हैं और नेट रनरेट (+0.433) के आधार पर श्रीलंका (+-0.166) से आगे है। दक्षिण अफ्रीका अभी तक एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे है, हालांकि उन्होंने एक मुकाबला कम खेला है। भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात ओपनर प्रतिभा रावल की शानदार फॉर्म रही है। उन्होंने अब तक 163 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वहीं गेंदबाजी में स्नेह राणा ने तीन मैचों में 11 विकेट झटके हैं और 4.25 की इकॉनमी से गेंदबाजी की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने करियर का पहला पांच विकेट हॉल भी लिया था। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन कमजोर रहा। साथ ही ऑलराउंडर कश्वी गौतम चोटिल होकर मैदान से बाहर चली गई थीं। कप्तान हर्मनप्रीत कौर ने भी स्वीकार किया, ¥गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। मौकों को भुनाने में हम चूक गए। दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले 9 वनडे में से 8 हार चुकी है और इस सीरीज में भी दोनों मुकाबले हार चुकी है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में टीम संघर्ष कर रही है। साथ ही श्रीलंका की गर्म और उमस भरी स्थिति ने भी खिलाड़ियों को परेशान किया है। भारत के खिलाफ मैच में ताजमिन ब्रिट्स को मैदान छोड़ना पड़ा, वहीं अगले मुकाबले में विकेटकीपर कराबो मेसो भी हीट स्ट्रोक के कारण बाहर हो गईं।

## इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजकर श्रेयस ने सही किया : पोंटिंग



एजेंसी

**धर्मशाला ।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने जोश इंग्लिश को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर भेजने के कप्तान श्रेयस अय्यर के फैसले की प्रशंसा की है। पोटिंग ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव की गेंदबाजी के दौरान इंग्लिश को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर भेजना काफी फायदेमंद रहा। इंग्लिश ने 14 गेंदो में 30 रन बनाए। पंजाब ने यह मैच 37 रन से जीता। इंग्लिश ने इस सत्र में अधिकतर समय मध्यक्रम में ही बल्लेबाजी की थी। इसी कारण उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा गया । पोंटिंग ने मैच के बाद कहा, इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान का था। यहां की पिच और गेंबाजों को देखते हुए उनका मानना था कि अगर विकेट जल्दी गिर जाता है तो फिर इंग्लिश को भेजना सही होगा। उन्होंने कहा, हम यह मानकर चल रहे थे कि मयंक शुरू में गेंदबाजी करेगा। अगर आप उसकी गेंदबाजी देखें तो पायेंगे कि वह बहुत अधिक शॉर्ट पिच गेंदबाजी करता है और इंग्लिश इस तरह की गेंदों को आसानी से खलते हैं। उसने उनके खिलाफ जबरदस्त पुल शॉट खेले थे। पोंटिंग ने कहा, इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने से विरोधी टीम हैरान हो गयी थी जिससे भी हमें लाभ हुआ। । हमारी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और इससे हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का भी अवासर मिला।

## लखनऊ और कोलकाता पर प्लेऑफ से बाहर होने का खतरा



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल में अभी सात टीमों के बीच शीर्ष चार स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा चल रही है। वहीं इन 7 टीमों में से 2 टीमें ऐसी हैं, जिन पर प्लेऑफ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण है कि शीर्ष 4 टीमों को ही क्वॉलिफायर्स और एलिमिनेटर मुकाबले खेलने का अवसर मिलता है। जिन टीमों पर सबसे अधिक बाहर होने का खतरा है। उसमें लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स हैं। ये दोनो टीमें अगर अपने बचे हुए सभी मैच जीत लें तो 16 और 17 अंकों तक पहुंच सकती है पर ये अंक इस सत्र के लिए कम हो जाएंगे। इसका कारण है कि इस समय शीर्ष 5 टीमें 19 या इससे ज्यादा अंक हासिल कर सकती हैं। अगर उन टीमों ने 18 या इससे ज्यादा अंक हासिल किए तो फिर सुपर जायंट्स और नाइट राइडर्स का बाहर होना तय है। इसके अलावा एक अन्या टीम दिल्ली कैपिल्स के लिए भी आगे का सफर कठिन है। भले ही 11 मैचों के बाद दिल्ली कैपिटल्स के खाते में 13 अंक हैं, लेकिन अगले तीन मैच दिल्ली को शीर्ष की 4 टीमों के खिलाफ खेलने हैं, जिनमें एक मैच पंजाब किंग्स, एक मैच गुजरात टाइटन्स और एक मैच मुंबई इंडियंस है और इनके वर्तमान फार्म को देखते हुए कैपिटल्स का जीतना कठिन लगता है। वह एक भी मैच हारती है तो फिर बाहर हो जाएगी क्योंकि एक मैच हारने पर टीम 17 अंकों तक ही पहुंच पाएगी।

वहीं, अगर बात उन टीमों की करें जो प्लेऑफ्स में सबसे पहले पहुंच सकती हैं तो उनमें आरसीबी नंबर एक पर है। वह एक मैच जीतकर प्लेऑफ्स में पहुंच जाएगी। उसके खाते में इस समय 16 अंक हैं। वहीं पंजाब किंग्स को भी एक मैच जीतने के बाद प्लेऑफ का टिकट मिल सकता है, क्योंकि पंजाब के इस समय 15 अंक हैं।

## रोहित ने सिराज को दिया उपहार



एजेंसी

**मुम्बई ।** आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं मुम्बई की टीम भी प्लेऑफ की प्रबल दावेदार है। गुजरात टाइटंस से मुकाबले से पहले रोहित ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें रोहित तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक विशेष उपहार देते दिख रहे हैं। रोहित ने टी20 विश्व कप जीत की याद में सिराज को से अंगूठी दी।

भारत का आईसीसी टी20 विश्व कप अभियान अजेय रहा था। इसमें भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते थे। कनाडा के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। वहीं भारतीय टीम ने पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, अफगानिस्तान और अंत में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में हराकर पहला विश्व खिताब जीता था। भारतीय टीम ने आईसीसी टूनामेंट, चैंपियंस ट्रॉफी में भी यही फार्म बनाये रखा। सिराज गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हैं। रोहित ने जहा मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं सिराज ने गुजरात की ओर से अच्छी गेंदबाजी की है।

## खेलो इंडिया युथ गेम्स में ममता निभाएगी निर्णायक की भूमिका



एजेंसी

**रांची ।** खेलो इंडिया युथ गेम्स के सातवें संस्करण के दौरान आगामी 11 मई से गया स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकाश संसथान (बिपार्ड) में आयोजित होने वाली स्वदेशी मार्शल आर्ट थांग-ता की प्रतियोगिता के तकनिकी सञ्चालन हेतु गठित 25 सदस्यीय निर्णायक मंडली में झारखण्ड की ममता पांडे को भी शामिल किया गया है। थांग-ता फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय अधिकृत निर्णायक श्रीमती पांडे गत कई वर्षों से मार्शल आर्ट में अभ्यासरत है और अब तक कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा चुकी है। वर्त्तमान में ये मोंटफोर्ट अकादमी, धनबाद में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत है। श्रीमती पांडे के इस मनोनयन पर झारखण्ड थांग-ता संघ के संरक्षक सह दून पब्लिक स्कूल, धनबाद के उप निदेशक सुनील कुमार, अध्यक्ष रंजीत केशरी, सचिव मनोज शर्मा तथा कोषाध्यक्ष अनिल तुलस्यान के अलावा थांग-ता संघ के अन्य पदाधिकारी पवन बरनवाल, कृष्णा कुमार शाव आदि ने बधाई दी है।

## रसेल ने अपने आलोचकों को दिया जवाब

**नई दिल्ली ।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे आंद्रे रसेल ने आईपीएल के 18 वें सत्र में शुरूआती झटकों से उबरते हुए अच्छी वापसी की है। सत्र की शुरूआत में सात पारियों में 10.28 की औसत से वह केवल 72 रन ही बना पाये थे जिससे टीम में उनकी जगह भी खतरे में पड़ गयी थी पर रसेल ने कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मैच विजेता पारी खेलकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। रसेल को मेगा नीलामी से पहले केकेआर ने तीन साल के लिए 12 करोड़ रुपये में खरीदा था। रसेल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 25 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाकर अपनी टीम को चार विकेट पर 206 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्सः झारखंड बालिका फुटबॉल टीम अपने पहले लीग मैच में राजस्थान को 8-0 से रौंदा

- तीरंदाजी में झारखंड के दिव्यांशु सिंह फाइनल में पहुंचे



एजेंसी

**रांची ।** खेल मंत्रालय एवं युवा मामले, भारत सरकार द्वारा 04 मई से 14 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में बालिका फुटबॉल टीम ने अपने बेगूसराय में हुए पहले मैच में बबीता कुमारी ने 36वे , 60वे,71 वे मिनट में किए गए 03गोल, रीना कुमारी 22वे, 33वे, 42वे,56वे मिनट में किए गए 04 गोल, एवं रीना टोप्पो के 90वे मिनट में किए गए 01 गोल की बदौलत झारखंड टीम 8-0 से राजस्थान को रौंदा कर अपना पहला लीग मैच जीती।

**फुटबॉल बालिका टीम**

अनिशा उरांव, अलका इंदवार, ममता कुमारी, शिवानी टोप्पो, बिनीता होरो, कल्याणी कुमारी, नमीना कुमारी, रीना टोप्पो, शाओलिना डांग, रिया वर्मा, रश्मि मिंज, सोनिति सोरेन, एलिजाबेथ एक्का, काजल कुमारी, अल्फा कांडुलना, बबीता कुमारी, रीना कुमारी, निशिमा कुमारी, पूनम खलको, शिखा कुमारी, मेरेनिला मरांडी। कोच - बिना केरकेट्टा । मैनेजर - प्रेरणा मिश्रा। तीरंदाजी भागलपुर में चल रहे तीरंदाजी मुकाबले में झारखंड के दिव्यांशु सिंह ने कम्पाउंड इवेंट फाइनल पहुँचे एवम वहीं तमन्ना वर्मा रिकर्व में ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेलेगी। प्रशिक्षक शिशिर महतो व टीम मैनेजर मोहन कुमार की देख रेख में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, उपनिदेशक राजेश कुमार,जिला खेल पदाधिकारी चतरा सह चीफ डी मिशन तुषार राय, साझा के मणिकांत , देवेंद्र सिंह ने समेत खेल विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## मनीला से रांची लौटने पर रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे का जोरदार स्वागत

- झारखंड के खिलाड़ियों की बदौलत भारतीय लॉन बॉल टीम ने जीते 01 स्वर्ण, 1 रजत, 3 कांस्य पदक जीता था

**14वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप**



एजेंसी

**रांची ।** 27 अप्रैल से 03 मई तक फिलीपींस के मनीला शहर में आयोजित 14वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखंड राज्य के महिला ट्रिपल में पश्चिमी सिंह भूम की जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की एवं झारखंड पुलिस में कार्यरत लवली चौबे ने अपने शानदार खेल की बदौलत भारतीय टीम को गौरवान्वित करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिला रांची लौटने पर फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया। ज्ञात हो रूपा रानी तिर्की एवं लवली चौबे की ने महिला फोर्स में भी कांस्य पदक दिलाया था। वही झारखंड पुलिस में कार्यरत सुनील बहादुर एवं दिनेश ने पुरुष फोर्स में अपने शानदार खेल की बदौलत भारतीय टीम को गौरवान्वित करते हुए देश को रजत पदक दिलाया था।वही सुनील बहादुर एवं दिनेश कुमार ने पुरुष ट्रिपल एवं पुरुष फोर्स में कांस्य पदक दिलाया था। मौके पर भारतीय लॉन बॉल टीम के पूर्व मुख्य प्रशिक्षक सह वर्तमान झारखंड टीम प्रशिक्षक एवं जे ओ ए महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य एवं रांची के खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## ऋषभ को अड़ियल रवैये से हो रहा नुकसान, पारी की शुरूआत करें : रायुडू



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्हें अपनी जिद से नुकसान हो रहा है। रायुडू के अनुसार वह अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं करने के कारण असफल हो रहे हैं। रायुडू के अनुसार ऋषभ के अंदर मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने की मानसिकता नहीं है जिसका नुकसान उन्हें हो रहा है। इसलिए उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरना चाहिये। वह इस सत्र में सबसे महंगे खिलाड़ी होने के बाद भी रन बनाने में विफल रहे हैं। ऋषभ ने इस सत्र में केवल एक अर्धशतक लगाया है। रायुडू ने कहा, मुझे उनके लिए बहुत दुख हो रहा है, क्योंकि वह अपने बल्लेबाजी क्रम और रवैय में बदलाव करने में विफल रहे हैं। मुझे लगता है कि वह चीजों को अड़ियल रुख अपनाये हुए हैं। यह उनके लिए ठीक नहीं रहेगा। इस गेम में ऐसा होता है और वह बहुत ही खराब दौर का सामना कर रहे हैं। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है।

# आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज ने घोषित की वनडे टीम

- आमिर जंगू और ज्वेल एंड्रयू को मिला मौका
- शाई होप संभालेंगे कप्तानी, आमिर जंगू पर रहेंगी निगाहें
- 2027 वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन की तैयारी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए सोमवार को 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने दिसंबर में बांग्लादेश को 3-0 से हराया था। हालांकि, आईपीएल में व्यस्त शिमरोन हेटमायर इस दौरे पर नहीं होंगे, जबकि युवा बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू की टीम में वापसी हुई है। टीम की कमान एक बार फिर शाई होप के हाथों में होगी। ब्रैंडन किंग और एविन लुईस के ओपनिंग करने की संभावना है, वहीं कीसी कार्टी नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। आमिर जंगू, जिन्होंने सेंट किट्स में अपने डेब्यू मैच में 79 गेंदों में शानदार शतक जड़ा था, इस बार नियमित स्थान पाने की उम्मीद करेंगे। बांग्लादेश सीरीज से बाहर रहने वाले शमार जोसेफ और मैथ्यू फोर्ड अब पूरी तरह फिट हैं और टीम में लौट आए हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में अल्जारी जोसेफ, जेडन सील्स और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

वेस्टइंडीज की टीम फिलहाल आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और 2027 वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की कोशिश में जुटी है। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज 21 मई से डबलिन में शुरू होगी, जिसके बाद इंग्लैंड में 29 मई से तीन वनडे और फिर टी20 सीरीज खेली जाएगी।

मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा, ‖बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद टीम में निरंतरता का विकास दिख रहा है। आयरलैंड और इंग्लैंड की परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण होंगी, लेकिन हमारी क्रिकेट शैली और सोच वर्ल्ड कप की दिशा में आगे बढ़ रही है‖

वेस्टइंडीज ने अपने कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया है। पूर्व तेज गेंदबाज रवि रामपॉल को जेम्स फ्रैंकलिन की जगह गेंदबाजी कोच बनाया गया है। इसके अलावा, पूर्व आयरिश ऑलराउंडर केविन ओ'ब्रायन आयरलैंड दौरे पर सपोर्ट स्टाफ से जुड़ेंगे।

**वनडे टीम**

शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रेव्स, आमिर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुढाकेश मोटी, शेर्फेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए क्रिस्टल पैलेस और नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाड़ी।



# क्यों खराब हो जाता है आपका फ्रिज

**क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है।**

कई बार हमारी छोटी गलती के कारण हमारा काफी बड़ा नुकसान हो जाता है। क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है। साथ ही यह भी बताने वाले हैं कि फ्रिज कैसे खराब हो जाता है।

## सफाई सही से करें

कई बार फ्रिज में कोई सामान गिर जाता है और हम इसकी सफाई सही तरीके से नहीं करते हैं। फ्रिज की सफाई सही तरीके से करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। ऐसे में फ्रिज में फंगस लग जाता है और मिनटों में हमारा महंगा फ्रिज खराब होने लगता है और हमें पता भी नहीं चलता। कई बार हम इसके लिए कपंनी में शिकायत करते हैं। इस दौरान गलती किसी और की नहीं बल्कि हमारी ही होती हैं। कई बार हम फ्रिज में जरूरत से ज्यादा सामान रख देते हैं। ऐसे में भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। फ्रिज की सही तरीके से केयर करने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा। अगर आप ज्यादा सामान रखती हैं तब भी आपका फ्रिज खराब हो सकता है।

## फ्रिज को लंबे समय तक खुला ना छोड़े

कई बार हम फ्रिज को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं। इसके कारण भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। अगर आप भी अपने पैसे फ्रिज के रिपेयरिंग में बर्बाद नहीं करना चाहती हैं तो आपको इन बातों का खास ख्याल रखना होगा।

## बाहर जाते वक्त फ्रिज बंद ना करें

अगर आप बाहर जानें का प्लान बना रही है तो आपको अपने फ्रिज को पूरे तरीके से बंद नही करना चाहिए। कई बार इसके कारण भी फ्रिज खराब हो जाता है। आगे से आपको इस बाता का खास ख्याल रखना होगा। थोड़ी सी बिजली बचाने के चक्कर में हमारा काफी ज्यादा नुकसान हो जाता है।



# ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

## पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो'। ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

## बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

## अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।



## अपने पैसे को अलग-अलग जगह न निवेश करना


पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

## फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

## कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीदें ट्रैंडी जींस

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

## रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

## बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने-जाने के लिए एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

## पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग-अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

## बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो-हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

## स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।






# व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए

**आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें।**

## एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

## कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

## पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं- शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं।अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना- ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

## सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

## सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय-समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो-चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

## ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।

# शाहिद से शादी के बाद दोस्तों से बात नहीं कर पाती थी मीरा?



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत कपूर ने अपनी शादी के बाद के जीवन को लेकर बात की। उन्होंने अपने विवाह के शुरुआती दिनों का किया जिक्र।

**मीरा** राजपूत कपूर ने अभिनेता शाहिद कपूर से 2015 में शादी की थी, दोनों को एक साथ रहते 10 साल हो चुके हैं। अब मीरा ने अपने विवाह से संबंधित बातें कीं हैं और अपने अनुभवों को साझा किया है कि कैसे उन्हें कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मीरा राजपूत कपूर ने क्या कहा?

हाल ही में मीरा राजपूत कपूर, नैना भान और साक्षी शिवदासानी के पॉडकास्ट में पहुंची। बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया कि शादी के बाद उनके दोस्तों के साथ कैसे अनुभव रहे। इसके जवाब में मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं और मेरे सभी दोस्त अलग-अलग माहौल में रहे। मैं यह स्वीकार करना चाहूंगी कि यह काफी अलग-थलग करने वाला था क्योंकि हम उस समय सब अपने जीवन के अलग-अलग फेज में थे, क्योंकि मेरी शादी हो चुकी थी। आप अपने दोस्तों को देखते हैं और सोचते हैं काश मैं वह कर पाती जो वह कर रही हैं।'

### दोस्तों से बात नहीं कर पाती थी मीरा

आगे बातचीत में उन्होंने बताया कि किस तरह शादी के बाद उनका जीवन बदल गया था। उन्होंने कहा कि वह यह सोचती थी कि उनके कई दोस्त मास्टर डिग्री करने चले गए और कुछ घूम रहे हैं। आगे मीरा कपूर ने बताया, 'आप शहर बदलते हैं तो कई चीजें बदल जाती हैं। यह सब मुझे याद है कि मैं अपने दोस्तों से उतनी बार बात नहीं कर पाती थी जितना पहले करती थी। वे पूछते थे, क्या हुआ? सिर्फ इसलिए कि तुम चली गई हो और शादी कर ली है, इसका मतलब यह नहीं है कि तुम हमें भूल गई हो। मैं कहती थी, दोस्तों, सच में, मैं बिजी हो गई हूं और उलझी हुई हूं। मुझे नहीं लगता कि तब उन्होंने इसे समझा होगा, लेकिन किस्मत से हमारी दोस्ती बनी रही। वे अब इसे समझते हैं क्योंकि वे भी उसी दौर से गुजर रहे हैं।'

# मैंने कभी भी फ़ैड डाइट या चरमपंथ में विश्वास नहीं किया: कृष्णा श्रॉफ

कृष्णा श्रॉफ ने कहा- फिटनेस का मतलब संतुलन है, ना कि अतिशयता! जब तक आप एक सीमित दायरे में हैं... आप स्वस्थ रहेंगे। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग क्विक फिक्स परिणामों और ड्रामेटिक बदलावों के पीछे भागते हैं, कृष्णा श्रॉफ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति एक संतुलित और टिकाऊ नजरिया अपनाने की वकालत करती हैं। उनका मानना है कि फिटनेस का मतलब



अवास्तविक लक्ष्यों के पीछे भागना नहीं है, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन पाना है। कृष्णा कहती हैं, मैंने कभी फैड डाइट्स या किसी भी तरह की अतिशयता में विश्वास नहीं किया। जब तक आप अपने पोषण, ट्रेनिंग और जीवनशैली में एक निश्चित सीमा के भीतर रहते हैं, तब तक आप एक स्वस्थ ज़ोन में रहते हैं। इस दृष्टिकोण ने न केवल उनकी अपनी सेहत की यात्रा को आकार दिया है, बल्कि उनके फ़िटनेस ब्रांड के माध्यम से उनके द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले माहौल को भी आकार दिया है। कृष्णा ऐसी जीवनशैली की बात करती हैं जिसमें गहनता से ज़्यादा निरंतरता को प्राथमिकता दी जाती है, और शारीरिक लक्ष्यों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी जाती है। उनका संदेश यह स्पष्ट करता है कि स्वास्थ्य का मतलब खुद को भूखा रखना या थका देना नहीं है, बल्कि ऐसे आदतों को अपनाना है जो वास्तविक और दीर्घकालिक हों। इस सोच को और भी असरदार बनाती है उनकी यह आंतरिक समझ कि व्यक्ति अंदर से जैसा महसूस करता है, वही असली मायने रखता है। मैं सच में मानती हूँ कि आप जितना अच्छा महसूस करते हैं, उतने अच्छे आप कभी दिख नहीं सकते। और जितने अच्छे आप दिखते हैं, उतना अच्छा आप हमेशा महसूस नहीं करते, वह आगे कहती हैं। फ़िल्टर्ड परफ़ेक्शन और बाहरी मान्यता से भरी इस युग में, कृष्णा का संदेश एक ऐसी वास्तविकता के साथ सामने आता है जो आपको फ़िटनेस इंडस्ट्री में शायद ही देखने को मिले!

# हाउसफुल 5 का नया गाना लाल परी रिलीज, हनी सिंह ने मचाया धमाल

बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइजी फिल्म हाउसफुल 5 के फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना लाल परी रिलीज कर दिया है। रिलीज के महज तीन घंटे में ही गाने को 1.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। यह गाना टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। लाल परी गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया है, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया है। इस गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ में आई है। बता दें कि ये दोनों पहले भी कई हिट गाने दे चुके हैं, जिसमें पार्टी ऑल नाइट, कुड़ी चमकीली, बॉस जैसे गाने शामिल हैं। जारी किए जाने के महज तीन घंटों के भीतर ही व्यूज ही नहीं बढ़े बल्कि यूट्यूब की म्यूजिक कैटेगरी में ये चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। रिलीज किए गए गाने में सभी मुख्य कलाकार क्रूज पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं। फिल्म में कॉमेडी का तड़का भरपूर होगा इसकी झलक भी गाना दे जाता है। यो यो हनी सिंह के अंदाज को बखूबी गाना बयां करता है।







## भूमि ने ईशान को कहा कुछ ऐसा, एक्टर बोले-

# 'हां मैं दोषी हूं'

**ईशान** खट्टर जल्द ही भूमि पेडनेकर के साथ नए शो 'द रॉयल्स' में नजर आएंगे। शो के प्रमोशन के दौरान भूमि ने ईशान को ऐसा क्या कह दिया कि एक्टर ने कबूल किया खुद का दोष।

ईशान खट्टर अपने आगामी शो 'द रॉयल्स' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस सीरीज में वो पहली बार अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे। दर्शक भी इस नई जोड़ी को एकसाथ देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। अब ईशान खट्टर ने अपने इस नए शो को लेकर बात की। साथ ही इसमें काम करने के पीछे की वजह का भी जिक्र किया। इस दौरान ईशान खट्टर ने भूमि द्वारा उन्हें 'स्नैकेबल' यानी जो जल्द ही सबमें घुलमिल जाए, बताये जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

जस्ट टू फिल्मी के साथ हालिया बातचीत में ईशान खट्टर ने 'द रॉयल्स' को लेकर बात की। साथ ही भूमि पेडनेकर द्वारा उन्हें स्नैकेबल यानी कि जल्द ही सबमें घुलने-मिलने और दोस्त बनने वाला बताने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। ईशान ने कहा कि भूमि ने जो कहा है मैं उसे स्वीकार करता हूं। हां, मैं ऐसा हूं। दरअसल, भूमि ने इसी बातचीत के दौरान ईशान खट्टर के बारे में बात करते हुए कहा था कि ऐसे शो का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया, जहां मेरे सह-कलाकार इतने



स्नैकेबल हैं। मैंने लोगों को अब ईशान के सामने कमजोर होते देखा है। इसी पर ईशान ने कहा कि हां मैं दोषी हूं और ऐसा हूं।

### शो में बहुत कुछ है

इस दौरान ईशान ने अपनी फिटनेस और अपनी बॉडी को अटेंशन मिलने पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेता ने कहा, शो में मेरे शारीरिक बनावट के अलावा भी बहुत कुछ है। अगर मैं सच कहूं तो शो में हर चीज के अलावा भी बहुत कुछ है। हालांकि, इस तरह का ध्यान मेरे लिए लिए नया था और ऐसी प्रशंसा सुनना अच्छा लगता है। कलाकारों को इससे मजा आ रहा है।

### ईशान ने इसलिए द रॉयल्स को कहा हां

ईशान ने आगे यह भी बताया कि उन्होंने 'द रॉयल्स' को हां क्यों बोला। एक्टर ने कहा, 'द रॉयल्सट करने के पीछे असली वजह मेरे द्वारा निभाए गए किरदार की गहराई थी। ग्लैमर और खूबसूरती जैसे सतही पहलू मेरे किरदार का हिस्सा थे और यह सिर्फ दिखावे के लिए नहीं थे। शो में ईशान एक राजकुमार की भूमिका निभा रहे हैं।

### शो में नजर आएगी बड़ी कास्ट

'द रॉयल्स' में ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर के अलावा जीनत अमान, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, विहान समत, काव्या त्रेहान, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी सरीखे कलाकार भी शामिल हैं। प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित यह शो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

# कृति सेनन की मां चाहती थीं इस उम्र में हो जाए बेटी की शादी

**सोशल** मीडिया पर एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कृति की मां उनकी शादी को लेकर बात कर रही हैं। आइए जानते हैं वह क्या कह रही हैं? इन दिनों अभिनेत्री कृति सेनन चर्चा में हैं। उनकी लव लाइफ को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कृति सेनन और उनकी मां का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सेनन की मां गीता सेनन ने यह माना है कि वह अपनी बेटी की शादी को लेकर चिंता में रहती थीं। गीता चाहती थीं कि कृति सेनन की शादी 23 या 24 साल में हो जाए। कृति सेनन की मां से जब पूछा गया कि क्या आप कृति सेनन की शादी को लेकर चिंतित हैं? तो गीता ने कहा हां, मैं उससे अकसर कहा करती थी कि वह 23 साल की उम्र में शादी कर ले। मैं सोचा करती थी कि मैंने देर में शादी की। देखो जब नूपुर पैदा हुई होगी तो मैं 30 साल के आस-पास रही होंगी। तो मैं सोचती हूं कि 23- 24 साल की उम्र शादी की सही उम्र है। वायरल वीडियो एक फैन पेज का है। हम इस वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं। बहरहाल, अफवाहें हैं कि कृति सेनन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। हालांकि, न तो कृति सेनन ने और न ही कबीर बहिया ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ कहा है। वह अकसर विदेश में छुट्टियां मनाने के लिए जाया करते हैं। इसलिए अफवाहों का बाजार गर्म रहता है। अफवाहें यह भी हैं कि दोनों 2025 में शादी करने वाले हैं। एक खबर में लिखा है कि कृति सेनन के करीबियों ने इस बात से इंकार किया है। इस साल की शुरुआत में इंडिया टुडे ने एक सूत्र के हवाले से बताया था इस साल कृति के पास समय ही कहां है? वह अभी दिल्ली में हैं और अगले कुछ महीनों के लिए आनंद एल राय की फिल्म की शूटिंग पर पूरी तरह से ध्यान दे रही हैं। जैसे ही यह खत्म हो जाता है, वह सीधे अपने अगले प्रोजेक्ट पर लग जाती हैं- बीच में मुश्किल से ही कोई ब्रेक मिलता है। आपको बता दें कबीर बाहिया वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के संस्थापक हैं। उनके पिता साउथल ट्रैवल, एक प्रमुख यूके-आधारित ट्रैवल एजेंसी के मालिक हैं। इस कंपनी की वजह से कबीर विमानन और यात्रा उद्योग में एक उल्लेखनीय व्यक्ति हैं।

# सांसद के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल आवासन व शहरी विकास मंत्री से मिला



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा व विधायक दादरी तेजपाल नागर ने विकास परियोजनाओं के संदर्भ में केन्द्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी विकास मंत्री भारत सरकार मनोहर लाल से भारतीय किसान परिषद का प्रतिनिधि मण्डल के साथ षिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर पत्र प्रेषित किया।

इस अवसर पर भारतीय किसान परिषद प्रतिनिधि मण्डल ने मंत्री जी को पत्र प्रेषित कर एन.टी.पी.सी. दादरी परियोजना से प्रभावित 24 गाँवों के किसानों से संबंधित समान मुआवजा व वंचित परिवारों के सदस्य को रोजगार एवं 10 प्रतिषत भूखण्ड दिलाने के संबंध में व भूमि विस्थापितों को फ्री बिजली एवं रेसीडयू राख व 200 बेड का मल्टी अस्पताल एवं भू विस्थापितों के बच्चों को स्कूल शिक्षा आदि जैसे संबंधित विषयों से अवगत कराया गया, जिसके उपरान्त मंत्री जी ने विषयों को समझ कर एन.टी.पी.सी. के सीएमडी से वार्ता कर संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने हेतु आदेशित किया।

इस दौरान भारतीय किसान परिषद का प्रतिनिधि मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुखबीर खलीफा, राष्ट्रीय महासचिव, अनूप राघव, गोपाल शर्मा, राजेन्द्र सिंह, कांछी शर्मा, एडवोकेट सचिन अवाना उपस्थित रहे।

सांसद डा.महेश शर्मा व विधायक दादरी, तेजपाल नागर ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को क्षेत्रवासियों की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया।

# 276 करोड़ के बकायेदार सिक्का बिल्डर के खिलाफ आरसी जारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्राधिकरण ने 276.60 करोड़ रुपए बकाया नहीं देने पर सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ आरसी जारी की है। ये बकाया भू राजस्व की तरह वसूलने के लिए डीएम को पत्र लिखा गया है। साथ प्राधिकरण का भुगतान नहीं करने पर 21 दिसंबर 2023 के शासनादेश के तहत सिक्का इंफ्रास्टक्चर को प्राधिकरण के सभी लाभों से वंचित किया गया है।

प्राधिकरण ने बताया कि 28 जून 2011 को जीएच-1ए/1 सेक्टर-143बी नोएडा का सब डिवीजन सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में किया गया। 10 अगस्त 2011 को लीज डीड आवंटी ने भूखंड पर कब्जा लिया। लेकिन भूखंड की धनराशि जमा नहीं कराई गई। इस संबंध में प्राधिकरण ने आवंटी को नोटिस जारी किए। इसके बाद भी न तो कोई जवाब दिया गया और न पैसा।

प्राधिकरण ने अमिताभ कांत की सिफारिश शासनादेश दिसंबर 2023 के ग्रुप हाउसिंग जीएच1ए/1 सेक्टर-143बी नोएडा के बकाया 208.05 करोड़ के 25 प्रतिशत यानी कुल 52.01 करोड़ जमा जमा करने के लिए कहा गया। लेकिन बिल्डर ने पैसा जमा नहीं कराया। 31 मार्च 2025 तक बिल्डर पर 276.60 करोड़ का बकाया हो गया। ऐसे में मंगलवार को प्राधिकरण के सीईओ ने डीएम को पत्र लिखकर भू राजस्व की तरह बकाया वसूलने के लिए कहा है।

# नोएडा प्राधिकरण के दो उद्यानकर्मी निलंबित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** काम में लापरवाही बरते पर प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने उद्यान विभाग के दो कर्मियों को निलंबित किया है। वहीं लेखपाल को निलंबित करने के लिए उप्र राजस्व परिषद को पत्र लिखा गया है।

प्राधिकरण ने बताया कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपठी के कार्यालय में तैनात प्रमोद कुमार उद्यानकर्मी व कुलदीप कुमार अनुरक्षक अपने कार्य में दिन प्रति दिन लापरवाही बर रहे थे। बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुस्थित रहते है। प्राधिकरण के कार्यो में रुचि नहीं लिए जाने और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई। प्राधिकरण ने बताया कि दोनों को कई बार मौखिक रुप से वार्निंग भी दी गई। लेकिन इनकी कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। इस कारण शासकीय कार्यों में बाधा उतन्न हो रही है। ऐसे में प्रमोद कुमार उद्यानकर्मी (कोड संख्या 3526) और कुलदीप कुमार अनुरक्षक (कोड संख्या 3623) को निलंबित कर प्राधिकरण के कार्मिक विभाग से अटैच किया गया है।




## लेखपाल के निलंबन की संस्तुति

**1 अगस्त 2024 को प्राधिकरण सीईओ , जिलाधिकारी और अपर मुख्य कार्यपलक अधिकारी ने नोएडा के गांव हाजीपुर, सलारपुर खादर आदि आदि का निरीक्षण किया। यहां अतिक्रमण हटाने और सील करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद हाल ही में दोबारा से इन्ही गांवों का निरीक्षण किया गया। यहां पाया गया कि यहां न तो सीलिंग और न ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जिससे बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हुआ। इसमें लेखपाल विनय कुमार चौहान की शासकीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही सामने आई।**

**प्राधिकरण ने लेखपाल विनय कुमार चौहान ( कोड 3734 ) को निलंबित किए जाने के लिए इनके मूल विभाग राजस्व परिषद उप्र शासन को पत्र लिखा है।**

# रालोद नोएडा विधानसभा टीम ने दी चौधरी अजित सिंह को श्रद्धांजलि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ 6 मई को स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। टीम को संबोधित करते हुए बी.एल. अग्रवाल ने बताया कि हमें चौधरी साहब के दिखाये मार्ग पर चलते हुए रालोद को मजबूती प्रदान करनी है एवं अधिक से अधिक नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का काम करना है।

रालोद हर वर्ग की पार्टी है। 36 बिरादरी भाईचारे एवं सर्वधर्म समभाव रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में युवा लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराये हुए उन्हें सक्रिय रूप से पार्टी में शामिल करना होगा। नोएडा विधानसभा टीम की मासिक बैठक भी इस अवसर पर संपन्न की गई।

# नो हेलमेट, रॉन्ग साइड, नो-पार्किंग के चलते 157 वाहनों के चालान





## 10 मई तक जारी रहेगा अभियान : डॉ. सियाराम वर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अवैध ऑटो वो ई रिक्शा के संचालन, बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने और रॉन्ग साइड वाहन चलाने की शिकायतों के दृष्टिगत आज आरटीओ प्रवर्तन गाजियाबाद के पर्यवेक्षण में, नोएडा की प्रवर्तन टीमों के साथ एक सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

Arto प्रवर्तन अभिषेक कन्नौजिया तथा यात्री कर अधिकारी राजेश मोहन की प्रवर्तन टीमों के साथ इस अभियान में बिना हेलमेट के 72 चालान, रॉन्ग साइड चलते हुए 46 चालान और अनधिकृत ऑटो रिक्शा के 07 चालान किए गए , नो पार्किंग के 32 चालान किये गये। यह अभियान 10 मई तक निरंतर चलेगा।

# अरुणाचल और हरियाणा में बनी शराब बरामद

## नोएडा में शराब की दुकानों में चैकिंग





गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाते हुए शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दबिश देकर थाना फेज 1 स्थित सेक्टर-6 जी ब्लॉक के पास से दिलीप कुमार पुत्र रामश्री सिंह को मसालेदार संतरा देशी शराब ब्रांड के 70 पव्वे धारिता 180 एम एल देशी शराब हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए व पार्टी स्पेशल डीलक्स व्हिस्की विदेशी ब्रांड के 52 पव्वे धारिता 180 एम एल विदेशी शराब अरुणाचल प्रदेश में बनी हुई बरामद की।

वहीं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 व उनकी टीम ने बरौला, सेक्टर-41, अग्गापुर स्थित देशी दुकानों, विदेशी व बीयर की कम्पोजित दुकानों का निरीक्षण किया।

आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दबिश देकर थाना फेज 1 स्थित सेक्टर 10 पार्क के पास से दया उर्फ़ दऊआ पुत्र धान सिंह को हरियाणा में बिक्री के लिए बनी मसालेदार संतरा देशी शराब ब्रांड के 50 पव्वे धारिता 180 एम एल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# गन्ने की फसल के उत्पादन में बाधक लीफ हापर कीट, किसान रहें अलर्ट



**गौतमबुद्धनगर।** गौतमबुद्धनगर के किसानों को गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले लीफ हापर से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर विनोद कुमार ने जनपद के कृषकों को गन्ने में लगने वाले प्रमुख विनाशकारी कीटों में से एक लीफ हापर (पाइरिला पर्पुसिला) के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह भारतीय चीनी उद्योग के लिए एक खतरा है और एक गम्भीर कीट है, जो उचित प्रबन्धन न होने पर गन्ने की उपज में 31.6 प्रतिशत की कमी और चीनी की रिकवरी में 2-3 प्रतिशत तक की कमी का कारण बनता है। जिला कृषि अधिकारी ने कीट लीफ हापर को लेकर एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि कृषकों को इस कीट के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि इस पर समय से नियंत्रण न किया गया तो गन्ने की फसल को गंभीर नुकसान हो सकता है।

## बचाव का तरीका

जिला कृषि अधिकारी ने कीट से बचाव के तरीके के संबंध में बताया कि रोपण से पहले सेट्स को क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी का 2 मिली/लीटर पानी की दर से घोल में डुबो कर बुवाई करनी चाहिए। रैटून फसल लेने से बचना चाहिए। कीटों की निगरानी एवं उनके संख्या के आंकलन के लिए 1 लाईट ट्रैप/5 एकड़ की दर से शाम 06 बजे से रात 10 बजे तक लगाना प्रभावकारी होता है। पाइरिला के तेजी से गुणन और आगे प्रसार को रोकने के लिए नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का विवेकपूर्ण प्रयोग करना चाहिए। पाइरिला के अण्डों को इकट्ठा कर नष्ट कर देना चाहिए।

3-5 पाइरिला प्रति पत्ती दिखाई देने पर प्रति एकड़ 4000-5000 कोकून या एपिरिकेनिया मेलानोल्यूका के 4 से 5 लाख अण्डे छोड़ना चाहिए। मेटारिजियम एनिसोप्लिया 107 स्पोर प्रति मिली की दर से पर्णीय छिड़काव करना चाहिए।

3 से 5 कीट/पत्ती या प्रति पत्ती एक अण्डा दिखाई देने पर क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी 1500 मिली/हेक्टेयर अथवा क्यूनालफॉस 25 प्रतिशत ईसी 1200 मिली/हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए।

